



एक नजर में

## लोटस इंटरनेशनल स्कूल के कराते खिलाड़ियों ने बढ़ाया मप्र का गौरव




**नागदा** । लोटस इंटरनेशनल स्कूल, सादलपुर के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं सम्पूर्ण मध्य प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थी हरिओम सुरेन्द्र सिंह चौहान ने राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता, जो कि बेंगलुरु में आयोजित हुई थी, में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं, उनके साथी विद्यार्थी राहुल अमित विश्वास ने शानदार प्रदर्शन कर ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र पटेल एवं स्टाफ ने दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में इन विद्यार्थियों ने अपने कौशल, लगन और समर्पण के बल पर यह सफलता हासिल की है। विद्यालय के डायरेक्टर जितेन्द्र सिंह राजावत, राजेंद्र माहेश्वरी, देवराज प्रजापत व आनंद प्रजापत ने उनके कोच श्री अजय परमार एवं अनुश्री मालाकार मैडम को भी हार्दिक बधाई दी है, जिनके सतत मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से यह सफलता संभव हो सकी। विद्यालय परिवार ने हरिओम और राहुल के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि वे आगे भी इसी तरह विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन करते रहेंगे।

## अन्नकूट महोत्सव के अन्तर्गत भंडारे का आयोजन



**बाकानेर** । दीपावली के पश्चात रविवार को अन्नकूट महोत्सव के अंतर्गत प्रतिवर्षानुशार अनुसर इस वर्षभी श्री शंकर मंदिर समितिद्वारा जन सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शंकरमंदिर समितिके अध्यक्ष राजेशसोनी ने कहा कि ग्राम वासियों केसहयोग से यह आयोजन सफल हो सका। क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर हीरालाल ने आरती में सम्मिलित होकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया शंकरमंदिर समिति अध्यक्ष राजेश सोनी ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देनेके लिए सभीका आभार प्रकटकिया। समितिके सक्रिय सदस्य राधेश्याम पटीदार मनीष राठौड़ पिंटेश मालवीय राजू सोनी रमेश चंद दीक्षित पुरुषोत्तम गुप्ता रविगुप्ता कृष्णा सोनी मंदिर के पुजारी पंडित राम श्याम काजवे आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## दर्जी समाज अन्नकूट संपन्न



**बदनावर** । श्री एकवीरा माता मंदिर परिसर में रविवार को जूना गुजराती दर्जी समाज का वार्षिक अन्नकूट महोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत टेकचंद जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-पाठ से हुई। महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सपना प्रदीप पवार ने टेकचंद जी महाराज को 56 भोग अर्पित कर आराधना की। समाज अध्यक्ष अजय परमार सहित समाजजनों ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना कर आयोजन का शुभारंभ किया। महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया, साथ ही सुंदर नृत्य प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप पवार ने किया। अंत में समाजजनों ने एक साथ भोजन प्रसादी ग्रहण कर अन्नकूट का आनंद लिया। वरिष्ठ जनों ने इस अवसर पर कहा कि समाज को एकजुट होकर ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन नियमित रूप से करते रहना चाहिए, जिससे समाज में नई ऊर्जा का संचार हो और आने वाली पीढ़ियों को एकता व संस्कृति का संदेश मिले। इस मौके पर बाल कृष्ण सोलंकी, उमेश सोलंकी, राधेश्याम परमार, जितेंद्र सोलंकी, ओंकार लाल जी पवार, बाबूलाल सोलंकी, प्रकाश पंवार, सुरेश सोलंकी, सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं समाज जन उपस्थित थे। जानकारी मीडिया प्रभारी प्रदीप पवार ने दी।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की स्वीप गतिविधियों का आयोजन होगा

**धार**, । आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन संक्षिप्त पुनरीक्षण (*Special Intensive Revision- SIR*) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्वीप प्लान तैयार कर उपलब्ध कराया गया है। जिले में निर्धारित स्वीप कार्ययोजना के अन्तर्गत सभी सहभागी पक्षों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कार्ययोजना अनुनार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही संपादित करे। जैसे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का प्रचार-प्रसार करना, डिजिटल प्रचार योजना, यूजर जनरेटेड (त्रष्ट) अभियान, समुदाय आधारित गतिविधियों (*On-ground Activities*), स्वीप आईकॉन तथा पीडब्ल्यूडी आईकॉन का प्रयोग, सहयोगी विभाग/संस्थाओं के साथ समन्वय व संभावित उपयोग तथा अन्य बिन्दुओं पर कार्यवाही किया जाना है। साथ ही आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए उक्त कार्ययोजना अनुसार जिला आईकॉन, कैम्पस एम्बेसेडर, ईएलमी क्लब तथा अन्य निर्वाचन के अन्तर्गत कार्य करने वाली संस्थाओ को सक्रिय करते हुए स्वीप गतिविधियों का संचालन करावें।

नवभारत

बदनावर में 'नवभारत' अखबार की प्रति, समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें-
स्वदेश सिंह पंवार
मो.बा. 96306-42180





# कलेक्टर ने ई-अटेंडेंस व्यवस्था को शालाओं में शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए

### समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

**धार.** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में समयावधि पत्रों की विस्तृत समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक चौधरी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बैठक में लंबित प्रकरणों, विभागीय जवाबदेही और प्रशासनिक पारदर्शिता पर विशेष जोर देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि समयावधि के सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में हर हाल में पूर्ण किए जाएँ। देरी, लापरवाही या उदासीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने ई-अटेंडेंस व्यवस्था को शालाओं में शत-प्रतिशत लागू करने के निर्देश दिए और इसे सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग तथा एसी ट्राइबल विभाग को सौंपी। उन्होंने चेतावनी दी कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनिरक्षण के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी, कर्मचारी एवं बीएलओ के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और समाधानकारक जवाब दर्ज किए जाएँ, जिससे लोगों की समस्याओं का वास्तविक निवारण सुनिश्चित हो सके।


उन्होंने बताया कि अधिकांश सरकारी कार्य अब ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन संपादित किए जा रहे हैं। किसी भी कार्यालय प्रमुख को यदि मैन्युअल फाइल भेजना आवश्यक हो, तो उसे भेजने से पहले पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया गया कि सीखो-कमाओ योजना में लक्ष्य प्राप्त न करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाएँ। यदि संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के स्वामित्व, सीमांकन, नामांकन और बटवारा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही रेलवे लाइन निर्माण हेतु आवश्यक डायवर्सन कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूरा करने पर बल दिया।बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने हाल ही में गेट पर हुई दुखद घटना का उल्लेख करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने भवनों और कार्यालय परिसरों में मौजूद नुकीली वस्तुओं, क्षतिग्रस्त टीन शेड, खुले ढाँचे और जोखिमयुक्त हिस्सों की तत्काल जांच कर उन्हें सुरक्षित मानकों के अनुरूप दुरुस्त कराएँ। विशेष रूप से एसपी कार्यालय गेट के पास स्थित ढाँचे को तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने कहा कि जनहित, पारदर्शिता और समयबद्धता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताएँ हैं। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि सभी विभागीय अधिकारी समन्वय और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए जिले की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाएँगे।

## संत अपना सब कुछ त्याग कर परमात्मा भक्ति में लीन रहते : बोकड़िया



**नागदा (धार)**। संयम पथ पर आरूढ़ हो कर ही व्यक्ति अपने मोक्ष मार्ग को प्रशस्त कर सकते है। क्योंकि मोक्ष प्राप्ति के लिए व्यक्ति को सभी कषाय का त्याग करना पड़ता हैं और यह त्याग सांसारिक जीवन व्यतीत करते हुए संभव नहीं है। इसलिए दीक्षा अंगीकार कर व्यक्ति संयम पथ पर चलते हुए काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि सभी कसायो का त्याग कर उत्कृष्ट साधना करते हुए अपने मौक्ष मार्ग को प्रशस्त करते हैं। उक्त बात मुमुक्ष सुरेश कोठारी के दीक्षा पूर्व शान्तिनाथ देरासर नागदा पर आयोजित बहुमान समारोह में मूर्ति पूजक संघ के राजेन्द्र बोकड़िया ने संचालन करते हुए व्यक्त किए। साथ ही कहा कि त्याग में सबसे बड़ा सुख है और संत अपना सब कुछ त्याग कर परमात्मा भक्ति में लीन रहते हुए साधना करते है। ऐसे त्यागी व्यक्ति निश्चित ही अपने मौक्ष मार्ग को पा सकते हैं। मुमुक्ष सुरेश कोठारी भी सांसारिक सारे सुखो का त्याग कर अपने मोक्ष डगर पर चलने जा रहे है। हम सब ऐसे मुमुक्ष भाई के संयम जीवन की अनुमोदना करते हुए आपके उज्वल संयम जीवन की कामना करते हैं। अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष मेहता ने कहा कि मुमुक्ष भाई बहुत लंबे समय से संयम पथ पर जाना चाहते थे किंतु गुरुदेव नवरत्नसागर सुरीश्वरजी महाराजा की आज्ञा से पारिवारिक कार्य का निर्वहन करते हुए सांसारिक जीवन में भी साधु जीवन व्यतीत कर संसार का मोह त्याग 15 नवंबर को पूज्य आचार्य भगवंत श्री विश्वरत्नसागर सुरीश्वरजी महाराजा के मुखारबिंद से दलाल बाग इंदौर में करेंमी भंते के पाठ से दीक्षा अंगीकार कर संयम पथ पर आरूढ होते हुए जिन शासन की सच्ची प्रभावना करेंगे। मुमुक्ष सुरेश भाई ने भी अपनी बात रखते हुए बताया कि नागदा संघ और मेहता का मुझ पर विशेष स्नेह रहा एवं संयम मार्ग की ओर जाने के लिए भी बार-बार प्रेरित करते रहे एवं सभी संघ जन को दीक्षा महोत्सव में शामिल होने की विनंती की। इस अवसर पर मुमुक्ष कोठारी का संघ अध्यक्ष संतोष मोदी, संतोष मेहता, राजेन्द्र बोक?िया, शैतानमल कांकरिया, रमेश मेहता, पवन मेहता, प्रदीप नाहर, नितेश सुराना, विनय नाहर, पंकज बर?िया, कमलेश पगारिया, पारस मोदी, यश मेहता, वही महिला मंडल के श्रीमती शांताबाई पगारिया, श्रीमती हंसा खिमेसरा व उपस्थित संघजनों ने शाल श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेट कर बहुमान किया।



## धार ने बुरहानपुर को हराया

**धार.** अभिषेक जाट, पीयूष मुकाती एवं आर्यन राठौड़ के उम्दा प्रदर्शन से धार मजबूत स्थिति में इंदौर डिविजनल क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर धार जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अंतर जिला अंडर 15 क्रिकेट प्रतियोगिता के दो दिवसीय सेमीफाइनल में आज दूसरा सेमीफाइनल धार व बुरहानपुर के बीच आरंभ हुआ।

बुरहानपुर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 86 रन पर ऑल आउट हो गई। धार के अथर्व राठौर 12 ओवर में आठ ओवर मेडन डालते हुए बारह रन दिए। धार जिला लक्ष्य का पीछा करते हुए 69 रन एक विकेट पर बना लिए। इस प्रकार धार जिला बुरहानपुर टीम से 17 रन पीछे तथा उसके 9 खिलाड़ी खेलने शेष रहे ।धार के अभिषेक जाट ने 41 रन तथा पियूष मुकाती ने 18 रन बनाकर नाबाद खेल रहे हैं। मैच के प्रारंभ में आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी धर्मेंदजोशी का पुष्प गुच्छ से स्वागत जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री प्रदीप जोशी कीका भाई प्रमोद पाठक एवं मोइस रहमान ने किया।

धर्मेंद्र जोशी ने टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य के प्रति पूरी ईमानदारी से कार्य करने एवं अपने आप को प्रत्येक कार्य में झोंक देने के लिए प्रेरित किया। आज पदाधिकारीगण एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामगोपाल शर्मा द्वारा किया गया।

## तालनपुर के जैन मंदिर को चोरों ने बनाया निशाना

**कुक्षी।** जैन तीर्थ स्थल तालनपुर के श्वेताम्बर जैन मंदिर में बीती रात चोरों ने मंदिर को निशाना बनाते हुए चोर मंदिर से दान पेटी के साथ मंदिर से 3 चांदी की मुकुट पट्टीया वजन करीब 1500 ग्राम, 3 यंत्र अष्ठ धातु, 2 चांदी हार, धुपदानी एवं दीपदान चांदी वजन करीब 200 ग्राम, चांदी की आरती एवं मंगल दीप, पीतल की थालीया चुरा ले गये।क्षेत्र में बढ़ती चोरी घटनाओं से आमजनों में भय का माहौल दिखाई दे रहा है।मंदिर पुजारी श्री माधव भाई ने घटना की जानकारी देते हुआ बताया की वह सुबह करीब साढ़े छः बजे जब मंदिर परिसर में पहुचे तब उन्हें मंदिर के गर्भ गृह में रखी सामग्री के अस्तव्यस्त होने एवं मंदिर के अतिरिक्त दरवाजे और दान भंडार



के टूटे दिखे जिसकी सूचना जैन समाज प्रतिनिधिओ को दी गई।जैन समाज ने पुलिस को मंदिर में चोरी की सुचना दी सूचना मिलते ही एसडीओपी सुनील गुप्ता, थाना प्रभारी राजेश यादव, उप निरीक्षक श्री ठकराव, एस आई चंचल सिंह चौहान के साथ पुलिस दल ने मौका मुआवना किया।क्षेत्र में ब?ती चोरी की वारदातों के साथ धार्मिक स्थलों पर चोरी, लूट की घटनाओ में लगातार बढ़ोतरी के चलते क्षेत्र में भय का माहौल बनता जा रहा है.इसके पूर्व समीपस्थ ग्राम दोद के श्री कष्टभंजन देव मंदिर व कुक्षी के भगवान श्री स्वामिनारायण मंदिर में चोरो नें हाथ साफ किये थे जिसका पुलिस कोई सुराग नही लगा पाई धर्म स्थलों बार बढ़ती चोरी, लूट ओर हमलो की घटनाओ पर अंकुश लगाने के साथ स्थानीय श्वेताम्बर त्रिस्तुतीक जैन श्री संघ ने पुलिस प्रशासन से चोरो को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की.




## अभाविप का जिला अभ्यास वर्ग संपन्न

**बदनावर** । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धार जिले का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग 08-09 नवंबर को बदनावर में संपन्न हुआ । इस अभ्यास वर्ग में सैद्धांतिक भूमिका, कार्यपद्धति, व्यवहारिक प्रशिक्षण, कार्यकर्ता विकास आदि सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओ का प्रशिक्षण हुआ। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक धार जिला प्रचारक सुमित पारासर का संघ शताब्दी वर्ष विषय को लेकर भाषण सत्र हुआ ।इस जिला अभ्यास वर्ग में छात्र-छात्रा एवं अध्यापकों की उपस्थित रहीं ।वर्ग में प्रमुख रूप से मालवा प्रांत उपाध्यक्ष डॉ सौरभ पारिख , राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गौरव साहू , प्रांत सहमंत्री भक्ति जाधव , विभाग संगठन मंत्री संदीप राजपूत , जिला विद्यार्थी विस्तारक रागीनी यादव मुख्य रूप से उपस्थित हुए। वर्ग के अंतिम सत्र में जिला संयोजक रोहित रघुवंशी ने संगठनात्मक घोषणाएं कीजिसमें मुकुल पंड्या को बदनावर भाग संयोजक नियुक्त किया।

एक नजर

### विधानसभा के सभी छह मंडलो में संपन्न हुई एसआईआर को लेकर कार्यशाला

# एसआईआर का लक्ष्य लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करना हैं : पटेल

**बदनावर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा शुक्रवार देर शाम एक दिवसीय कार्यशाला वैष्णव समाज मांगलिक भवन में आयोजित की गई। कार्यशाला में विधानसभा संयोजक व भाजपा जिला मंत्री विक्रम पटेल, सह संयोजक व पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश गिरवाल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव अतिथि रूप में मंचासीन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। भाजपा के नगर मण्डल अध्यक्ष मनीष गुर्जर ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यशाला के बारे में जानकारी दी। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए इस कार्यशाला में संगठनात्मक गतिविधियों और मतदाता सूची



पुनरीक्षण कार्य पर विशेष चर्चा की गई।

विधानसभा सहसंयोजक गिरवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से योगदान देना चाहिए। यह एक जिम्मेदारी नहीं, लोकतंत्र को सशक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने हर कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथ पर सक्रिय रहकर मतदाता सूची के पुनः निरीक्षण कार्य में पूरी लगन से सहयोग करने का आह्वान किया। वरिष्ठ भाजपा नेता शेखर यादव ने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत लक्ष्य के साथ हमे काम करना है। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त बीएलओ के साथ लगातार संपर्क में रहें और मतदाता सूची का गहन परीक्षण करें। किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न छूटे। संचालन अंशुमन जोशी ने किया। आभार पवन चावला ने माना। बैठक में बूथ सशक्तिकरण एवं संगठन विस्तार की रणनीति पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में बूथ अध्यक्ष, बूथ बीएलओ आदि उपस्थित थे।

> विधानसभा संयोजक पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ स्तर पर बीएलए के साथ मिलकर मतदाता सूची का वृहद स्तर पर पुनरीक्षण करें। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में जोड़ा जाए। मृत या दोहराए गए नामों को हटाया जाए। भाजपा का मूल लक्ष्य सशक्त बूथ, मजबूत संगठन है। इसके लिए हर कार्यकर्ता को अपने बूथ को सशक्त बनाना होगा। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो। इसका लक्ष्य लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करना है, ताकि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे। यह अभियान सेवा और समर्पण की भावना से पूरा किया जाना चाहिए। इसका उद्देश्य मतदाता सूची प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सटीक बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से कहा कि शुद्ध और पारदर्शी मतदाता सूची ही लोकतंत्र की सच्ची आधारशिला है।

इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र के अन्य सभी पांचों ग्रामीण मण्डल, बखतगढ़ मण्डल, कानवन मण्डल, बि?वाल मण्डल व सादलपुर मण्डल की कार्यशाला भी संपन्न हुई। जिसमे बूथ अध्यक्षो व बीएलओ को एसआईआर को लेकर जानकारी दी।